दैनिक जागरण 11/12/2025

लीगल सेवाओं व मीडिएशन सेंटर के बारे में दी जानकारी

कार्यक्रम के दौरान शामिल विद्यार्थी व संबोधित करती वक्ता ● विज्ञप्ति

अंबाला ● विज्ञप्ति : गांधी मेमोरियल नेशनल कालेज में लीगल लिटरेसी सेल और इंटरनल कंप्लेंट कमेटी के संयुक्त तत्वावधान में एनएएलएसए इनिशिएटिव्स पर आधारित एक लीगल अवेयरनेस प्रोग्राम आयोजित किया गया। मुख्य वक्ता एडवोकेट अमिता वर्मा ने एनएएलएसए जागृति के तहत रूरल लीगल नालेज, फंडामेंटल राइट्स, मेंटल इलनेस एवं बौद्धिक विकलांगता से संबंधित विशेष लीगल सेवाओं, मीडिएशन सेंटर्स की भूमिका और 'एनएएलएसए वीर परिवार सहायता योजना–2025 जैसे विषयों पर विद्यार्थियों को जानकारी दी। उन्होंने समाज में एम्पैथी, लीगल प्रोटेक्शन और आपसी समझ की जरूरत पर भी जोर दिया। प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने कहा कि लीगल अवेयरनेस किसी सशक्त और न्यायप्रिय समाज की नींव होती है। उन्होंने विद्यार्थियों को अपने अधिकारों के प्रति सजग रहने और न्यायिक प्रक्रियाओं की समझ विकसित करने के लिए प्रेरित किया। मौके पर डा. भारती विज, डा. सरोज बाला, डा. मनजीत कौर, जस्मिता हांडा, रीतिका और प्रियंका बाल्दिया आदि मौजूद रहे।